# भारतीय दिव्यांग टीम के सदस्य ब्रजेश ने बच्चों को किया प्रेरित



**सतना** । कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चे।

**सतना । नईदुनिया प्रतिनिधि**

भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के सदस्य बृजेश द्विवेदी का सम्मान सद्गुरु संस्थान चित्रकूट में किया गया। बृजेश द्विवेदी द्वारा संस्थान के बच्चों को अपने बारे में बताते हुए कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझते हुए किस प्रकार अपना एक मुकाम बनाने में सफलता प्राप्त की उसे बडे रोचक अंदाज में गानों व शायरियों के साथ अपने संघर्ष की कहानी बच्चों को सुनाई। उन्होंने बताया कि मेरी उपलबधि के पीछे मेरी माता जी का बहुत बडा योगदान है और मैं आज भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के सदस्य के रूप में खेल पा रहा हूं। जहां मैं काम करता हूं आईआईटी इंदौर का बहुत बडा योगदान है। उन्होंने कहा कि आईआईटी इंदौर के डायरेक्टर व प्रोफेसर प्रदीप माथुर का बहुत सहयोग मिला है। सद्गुरु के ट्रस्टी डॉ. बीके जैन, अध्यक्ष शिक्षा समिति ऊषा बी जैन, सचिव आरबी सिंह चौहान, प्राचार्य राकेश तिवारी, शंकरदयाल पांडेय, रमाशंकर मिश्रा, सुरेंद्र तिवारी व ऋषि बोरा का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस छोटे से शहर में खेल को इतना प्रोत्साहन करने के लिए मैं सभी का धन्यवाद करता हूं।

Nai Dunia Satna- 02.12.2018